





## एक नजर में

### व्यापारी संघ मनासा के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न

**मनासा।** व्यापारी संघ मनासा के चुनाव सोमवार को भादवामाता पाटीदार धर्मशाला में शांतिपूर्ण एवं निर्विरोध संपन्न हुए। निर्वाचन प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी बृजमोहन समदानी, पंकज पोरवाल, विजय पामेचा एवं यशवंत सोनी की देखरेख में संपन्न कराई गई। निर्विरोध निर्वाचन में विवेक समदानी को व्यापारी संघ का अध्यक्ष चुना गया। वहीं दीपक शर्मा एवं महेश राठौर उपाध्यक्ष, संजय जैन सचिव, राहुल द्विवेदी सह सचिव तथा दामोदर झावर कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसके अलावा संघ की कार्यकारिणी के 9 सदस्यों का भी निर्विरोध निर्वाचन किया गया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित व्यापारियों ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी व्यापारियों के हितों की रक्षा करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाएगी। कार्यक्रम के अंत में निवर्तमान सचिव महेश नानवाना ने सभी व्यापारियों, निर्वाचन अधिकारियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

### डॉ. अशोक जैन को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड




**नीमच।** हार्ड सेवर सोसाइटी उदयपुर के तत्वाधान में 1 व 2 अगस्त को उदयपुर स्थित विनडेम उद्यान में दो दिवसीय उदयपुर कार्डियोलॉजि कांग्रेस 2026 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हृदय रोग चिकित्सा के माध्यम से पीड़ित मानवता की सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा कार्यों के लिए आईएमए के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर अशोक जैन को हार्ड सेवर समिति उदयपुर के अध्यक्ष डॉ कपिल भार्गव, सचिव डेनी कुमार मंगलानी, डॉक्टर एसके कौशिक, अमित खंडेलवाल, डॉक्टर एस के कुमावत की उपस्थिति में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड का प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आईएमए के अध्यक्ष डॉ मनीष चमड़ियां सचिव आदित्य भंडारी ने डॉक्टर अशोक जैन को मिले इस अवार्ड को उनके परिश्रम का परिणाम बताया और कहा कि यह सम्मान प्रेरणा योग्य कदम है। दो दिवसीय सेमिनार में नीमच जिले से 6 तथा मंदसौर से 2 चिकित्सकों एवं मध्य प्रदेश राजस्थान सहित देशभर से बड़ी संख्या में चिकित्सकों ने सहभागिता निभाई। और हृदय रोग चिकित्सा उपचार प्रणाली की नवीन तकनीक को सिखा। ताकि और अधिक अच्छे तरीके से रोगियों का उपचार कर सके। नीमच जिले से आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ अशोक जैन, डॉ अभिषेक तिवारी, डॉक्टर कमलेश पाटीदार, डॉक्टर निलेश पाटीदार, डॉ प्रकाश पटेल, डॉ एल आर अग्रवाल तथा मंदसौर से डॉक्टर एस के जैन, वीएस मिश्रा ने सहभागिता निभाई। हार्ट रोग के नवीन तकनीकी उपचार प्रणाली की तकनीक का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया।


### जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**नीमच।** जिले के जीरन थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़वालिया में 39 वर्षीय एक व्यक्ति की जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत हो गई। घटना रविवार रात की बताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खेड़वालिया निवासी दुर्गाशंकर पिता लच्छूराम मीणा (39) ने अपने घर पर किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तत्काल शासकीय अस्पताल जीरन लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय नीमच रेफर कर दिया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई। सोमवार सुबह जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जीरन थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। फिलहाल जहरीले पदार्थ के सेवन के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। जांच पूरी होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए पटवारी

## बस्ते जमा कर सौंपा आवेदन, राजस्व कार्य होंगे प्रभावित

**नीमच। मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर सोमवार से जिले सहित पूरे प्रदेश के पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। आंदोलन के तहत पटवारियों ने संबंधित तहसीलों में एकत्र होकर तहसीलदारों को हड़ताल का आवेदन सौंपा तथा अपने शासकीय बस्ते जमा कर दिए। संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी लंबित मांगों पर सरकार लिखित आश्वासन या ठोस निर्णय नहीं लेती, तब तक नियमित राजस्व कार्य नहीं किए जाएंगे।**



पटवारी संघ लंबे समय से पदोन्नति, कैडर रिव्यू सहित विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहा था। पिछले करीब 15 दिनों से पटवारी काली पट्टी बांधकर कार्य कर रहे थे। इसके बाद सामूहिक अवकाश सहित अन्य विरोध कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, लेकिन शासन स्तर पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर भोपाल में आयोजित प्रांतीय बैठक में 3 अगस्त से प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया गया।

सोमवार को जिले की विभिन्न तहसीलों में पटवारियों ने तहसीलदारों को ज्ञापन और हड़ताल का आवेदन सौंपते हुए सरकारी बस्ते जमा कर दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनका आंदोलन सरकार के खिलाफ नहीं, बल्कि अपने अधिकारों के लिए है। संघ का कहना है कि वर्षों से एक ही पद पर कार्यरत रहने के बावजूद उन्हें पदोन्नति का लाभ नहीं मिल पाया, जबकि अन्य कर्मचारी संवर्गों में समय-समय पर पदोन्नति होती रही है।

पटवारी संघ के अनुसार कैडर रिव्यू लागू होने से पदोन्नति के अवसर बढ़ेंगे और सेवा संरचना में सुधार होगा। इसी कारण कैडर रिव्यू और प्रमोशन की मांग आंदोलन का प्रमुख मुद्दा है। संघ ने स्पष्ट किया है कि मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी।



## पत्रकार भवन की मांग को लेकर रामपुरा के पत्रकारों की रैली, परिषद को सौंपा ज्ञापन

**रामपुरा।** पत्रकार भवन की वर्षों पुरानी मांग को लेकर सोमवार को रामपुरा प्रेस क्लब के बैनर तले नगर के पत्रकार एकजुट हुए। पत्रकारों ने बस स्टैंड स्थित बालाजी मंदिर परिसर से रैली निकालकर वाहन रैली के माध्यम से नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र जागीरदार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नंदलाल प्रजापत को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में पत्रकारों ने नगर परिषद के स्वामित्व वाले भवन में पत्रकार भवन के लिए एक कक्ष उपलब्ध कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पत्रकारों के लिए बैठक, प्रेस वार्ता, सामाजिक गतिविधियों तथा जनहित से जुड़े कार्यों के संचालन हेतु लंबे समय से एक स्थायी पत्रकार भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

ज्ञापन प्राप्त करने के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी नंदलाल प्रजापत एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र जागीरदार ने पत्रकारों को आश्वस्त किया कि उनकी वर्षों पुरानी मांग पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए शीघ्र ही पत्रकार भवन के लिए एक कक्ष आवंटित किया जाएगा।

## भगवान किलेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी निकलेगी 17 अगस्त को

**नीमच।** सावन माह के पावन अवसर पर नीमच के आराध्य एवं राजाधिराज भगवान श्री किलेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी 17 अगस्त सोमवार को पूरे धार्मिक वैभव, श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। महाकाल की तर्ज पर आयोजित होने वाली इस दिव्य शाही सवारी को लेकर शहरभर में भक्तों में विशेष उत्साह का माहौल है। युवा समाजसेवी अरुल अशोक अरोरा के मार्गदर्शन एवं सानिध्य तथा शाही सवारी के मुख्य सूत्रधार गोपाल गर्ग (जीजी) के नेतृत्व में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।

शाही सवारी का शुभारंभ भगवान श्री किलेश्वर महादेव मंदिर से सायं 4 बजे होगा। नगर भ्रमण के दौरान भगवान श्री किलेश्वर महादेव भक्तों को दर्शन देंगे। सवारी मार्ग को आकर्षक सजावट, स्वागत द्वारों और धार्मिक आयोजनों से सजाया जाएगा।

शाही सवारी के मुख्य सूत्रधार गोपाल गर्ग (जीजी) ने बताया कि इस वर्ष सवारी को और अधिक भव्य एवं आकर्षक स्वरूप देने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। सवारी में राजसी रथ, डांडिया-डमरू दल, विशाल नंदी, राधा-कृष्ण एवं बाहुबली हनुमान की आकर्षक झांकियां, विद्युत चलित झांकियां तथा आतिशबाजी श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेंगी।

# नीमच में अतिक्रमण पर नगर पालिका का बड़ा एक्शन

## एक दर्जन से अधिक गुमटियां, ठेले, रेत और प्रचार बोर्ड जब्त, स्टेडियम की दुकानों को नोटिस

**नीमच।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर पालिका का अभियान लगातार तेज हो रहा है। सोमवार को गोमाबाई रोड से एलआईसी चौराहा होते हुए अम्बेडकर मार्ग तक व्यापक कार्रवाई करते हुए फुटपाथ और सड़कों पर किए गए अवैध अतिक्रमण हटाए गए। वहीं स्टेडियम परिसर की दुकानों के बाहर किए गए अवैध कब्जों को भी गंभीरता से लेते हुए संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देश पर चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत नगर पालिका की टीम ने सड़क और फुटपाथ पर किए गए अस्थायी एवं स्थायी अतिक्रमण हटाए। कार्रवाई के दौरान एक दर्जन से अधिक गुमटियां जब्त की गईं। इसके अलावा सड़क किनारे लगाए गए प्रचार बोर्ड, दो ट्रॉली रेत तथा कई अवैध ठेले भी हटाकर जब्त किए गए।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया ने बताया कि कार्रवाई से पहले अतिक्रमणकर्ताओं को कई बार समझाइश दी गई थी। उन्हें चलित ठेलों एवं वैकल्पिक व्यवस्था अपनाने की सलाह भी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद कई लोगों ने पक्के निर्माण कर लिए और एक ही स्थान पर दो-दो एवं तीन-तीन ठेले एवं गुमटियां लगाकर सड़क और फुटपाथ पर कब्जा कर लिया था। इससे यातायात बाधित हो रहा था और आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

## नीमच में जिला कोर्ट में चिकित्सा कक्ष का होगा शुभारंभ आज

**नीमच।** जिला न्यायालय परिसर में न्यायिक सेवाओं को अधिक सुविधाजनक एवं जनहितकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत जिला न्यायालय, नीमच के प्रथम तल स्थित कक्ष क्रमांक-8 में मंगलवार, 4 अगस्त 2026 को प्रात: 11:00 बजे चिकित्सा कक्ष का उद्घाटन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नीमच के करकमलों द्वारा किया जाएगा। इस चिकित्सा कक्ष में न्यायालयीन समय के दौरान न्यायालय में आने वाले पक्षकारों, अधिवक्ताओं, न्यायालयीन कर्मचारियों एवं न्यायाधीशों के लिए प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

एक नजर — सावन के पहले सोमवार पर शिवमय हुआ नीमच

# किलेश्वर, भूतेश्वर और भागेश्वर महादेव मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**नीमच। सावन माह के प्रथम सोमवार पर पूरा शहर शिवभक्ति में सराबोर नजर आया। ब्रह्ममुहूर्त से ही श्री किलेश्वर महादेव, श्री भूतेश्वर महादेव, श्री भागेश्वर महादेव सहित शहर के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष के बीच भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और परिवार की खुशहाली की कामना की।**

शहर के प्राचीन श्री किलेश्वर महादेव मंदिर में सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया।



प्रात: 5:30 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महिला एवं पुरुषों की अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की, जिससे दर्शन और पूजन व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

मंदिर समिति के पदाधिकारी कमल बिंदल ने बताया कि पूरे सावन माह में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला जारी रहेगी। 10 अगस्त को दूसरे सावन सोमवार पर भगवान भोलेनाथ की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। 16 अगस्त को सहस्त्रधारा अभिषेक का आयोजन होगा, जबकि 17 अगस्त को भगवान श्री किलेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी पूरे धार्मिक वैभव के साथ नगर भ्रमण करेगी। इसके अलावा हरियाली अमावस्या सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सावन के अंतिम सोमवार को भगवान शिव का विशेष श्रृंगार, छप्पन भोग एवं भव्य महाआरती का आयोजन होगा।

सावन के प्रथम सोमवार पर दिनभर शहर के शिवालयों में पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और महाआरती का क्रम चलता रहा। वहीं धनेरिया रोड स्थित गोकुलधाम के श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर से श्रद्धालुओं की कावड़ यात्रा निकाली गई, जो भगवान श्री किलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यहां कांवड़ियों ने विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक कर विश्व कल्याण की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं के उत्साह और अटूट आस्था से पूरा शहर दिनभर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। मंदिरों में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# मंदसौर

## एक नजर में

### दशपुर की गौरवशाली परंपरा को मिला नया आयाम



**मंदसौर।** सैनिकों के सम्मान और राष्ट्रसेवा की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सैनिक सम्मान अभियान के तहत 794वें एवं 795वें सैनिक सम्मान के रूप में भारतीय सेना से 22 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए नायक श्याम गुर्जर निवासी ग्राम गुर्जरबड़िया, मंदसौर एवं नायक राजकुमार पाटीदार निवासी ग्राम केलुखेड़ा, नीमच का नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों, सामाजिक एवं सेवा संगठनों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं एवं नागरिकों ने सहभागिता की। सैनिक सम्मान यात्रा का शुभारंभ भारत माता चौराहा स्थित भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इसके बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अमर शहीद उधम सिंह की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रनायकों को नमन किया गया। भारत माता की जय एवं वंदे मातरम् के जयघोष के बीच दोनों वीर सैनिकों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। सैनिक सम्मान अभियान के संयोजक विनय दुबेला ने कहा कि सैनिक सम्मान अभियान अब केवल सम्मान समारोह नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का जनआंदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा कि 22 वर्षों तक देश की सेवा करने वाले दोनों सैनिकों के त्याग एवं समर्पण पर मंदसौर अंचल को गर्व है। उन्होंने युवाओं से सेना एवं सुरक्षा बलों में भर्ती होकर राष्ट्रसेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। भाजपा नेता अनिल कियावत ने कहा कि सैनिकों का सम्मान राष्ट्र के स्वाभिमान का सम्मान है। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने कहा कि समाज द्वारा सैनिकों को दिया गया सम्मान उनका मनोबल बढ़ाता है तथा युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद, सैनिक सम्मान अभियान समिति, जय भारत मंच, जिला धार्मिक उत्सव समिति, पंछी बचाओ अभियान समिति सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। योग गुरु बंसीलाल टाक, डॉ. रविंद्र पांडे, अजीजुल्लाह खान, दिनेश सोलंकी, राजाराम तंवर, दशरथ सिंह चौहान, हरीश सालवी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों एवं पूर्व सैनिकों ने सैनिकों का सम्मान किया। कार्यक्रम के पश्चात दोनों वीर सैनिक अपने परिजनों के साथ गृह ग्रामों के लिए रवाना हुए, जहां ग्रामीणों एवं समाजजनों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय, वंदे मातरम् एवं वीर सैनिकों के सम्मान में जयघोष के साथ हुआ। संचालन दीपक राठौर ने किया तथा आभार हरीश सालवी ने माना।

# फसल बीमा राशि नहीं मिलने पर किसानों ने किया तहसील कार्यालय का घेराव

**पिपलियामंडी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2025 की सोयाबीन फसल की बीमा राशि अब तक नहीं मिलने से नाराज बरखेड़ा पंथ एवं आसपास के गांवों के किसानों ने सोमवार को तहसील कार्यालय मल्हारगढ़ का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने शासन से शीघ्र बीमा राशि का भुगतान कराने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।**



पूर्व सरपंच दिनेश कारपेंटर के नेतृत्व में आयोजित इस आंदोलन में बरखेड़ा पंथ, खात्याखेड़ी, खेरखेड़ा, चंदवासा और सुपड़ा सेमली सहित आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। प्रदर्शन में किसान कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश पाटीदार, जिला कांग्रेस सचिव अनिल पोरवाल, रामेश्वर गुर्जर, सुनील चढ़ावत, भंवरलाल गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधि एवं किसान नेता उपस्थित रहे। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वर्ष 2025 में क्षेत्र की सोयाबीन फसल पीला मोजेक बीमारी की चपेट में आने से व्यापक रूप से नष्ट हो गई थी। शासन के निर्देश पर पटवारियों द्वारा किए गए सर्वे में लगभग 80 प्रतिशत फसल नुकसान दर्ज किया गया था।

इसके आधार पर शासन ने नुकसान को स्वीकार करते हुए किसानों को राहत राशि भी प्रदान की थी, लेकिन प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मिलने वाली बीमा राशि आज तक किसानों के खातों में नहीं पहुंची। नेताओं ने कहा कि किसान पिछले तीन वर्षों से अपनी बीमा राशि का इंतजार कर रहे हैं। जब शासन स्वयं फसल नुकसान को स्वीकार कर चुका है और राहत राशि भी दी जा चुकी है, तो बीमा कंपनी द्वारा भुगतान रोके जाने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र बीमा राशि का भुगतान नहीं किया गया तो किसानों का आंदोलन और व्यापक रूप लेगा। आंदोलन के बाद किसानों ने तहसीलदार वंदना हरित को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए लंबित फसल बीमा राशि का तत्काल भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की।

## दलौदा रेल रामजानकी मंदिर भूमि विवाद में कोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई

### लंबे समय से चले आ रहे विवाद में मुक्त करवाई मंदिर की जमीन

**मंदसौर। दलौदा रेल स्थित सर्वे क्रमांक 958 की श्री रामजानकी मंदिर की भूमि पर लंबे समय से चले आ रहे विवाद में सोमवार अलसुबह प्रशासन ने न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए बड़ी कार्रवाई की।**

पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर से कथित अवैध कब्जा हटाकर टीन शेड को जमींदोज किया गया और मंदिर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम शुभम पाटीदार, एसडीओपी कीर्ति बघेल, तहसीलदार ब्रजेश मालवीय, नायब तहसीलदार रवि पटेल सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई कर पूरे मामले को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया।

इस प्रकरण में मंदिर की ओर से अधिवक्ता संजय कुमार सोनी ने तहसील न्यायालय में प्रभावी एवं सक्रिय पैरवी करते हुए पक्ष को मजबूती से रखा, जिसके आधार पर न्यायालय से आदेश प्राप्त हुआ और अंतत: प्रशासन ने उसका पालन करते हुए भूमि को कब्जामुक्त कराया। कार्रवाई के बाद समस्त ग्रामवासी दलौदा रेल एवं सर्व हिन्दू समाज ने प्रशासन और न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे केवल मंदिर की भूमि की नहीं, बल्कि कानून, न्याय और जनआस्था की भी जीत बताया तथा जय श्री राम के उद्घोष के साथ निर्णय का स्वागत किया।

## रमेश शर्मा के समन्वय और अंशुल बैरागी के नेतृत्व में स्काउट-गाइड दल पहुंचा तिरुपति

**मंदसौर/तिरुपति।** मध्यप्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड, उज्जैन संभाग का 181 सदस्यीय स्काउट-गाइड एवं अधिकारी दल दक्षिण भारत के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण के तहत तिरुपति पहुंचा। दल के सदस्यों ने भगवान श्री वेंकटेश्वर (बालाजी) के दर्शन कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की।

यात्रा का संचालन कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं मध्यप्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड के कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा के समन्वय तथा राज्य उपाध्यक्ष दीपिका अंशुल बैरागी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। यात्रा के सफल संचालन के लिए प्रतिभागियों ने दोनों के प्रयासों की सराहना की।

मंदसौर जिले से जिला मुख्य आयुक्त अंशुल बैरागी के नेतृत्व में 27 सदस्यीय दल यात्रा में शामिल हुआ है। बैरागी ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण से स्काउट-गाइड सदस्यों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक चेतना एवं सेवा भावना का विकास होता है। उन्होंने प्रतिभागियों से यात्रा के प्रत्येक पड़ाव से सीख लेने का आह्वान किया।

दल में जिला रोवर कमिश्नर एन.डी. वैष्णव, जिला स्काउट कमिश्नर हरीश नामदेव, जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद उमर शेख सहित अनेक स्काउट-गाइड एवं अधिकारी शामिल हैं। हाइक संचालक सहायक राज्य संगठन आयुक्त उज्जैन डॉ. सुरेश पाठक हैं।

एक नजर — किशोर कुमार की स्मृति में गूंजा गाता रहे मेरा दिल...

# सुरीले गीतों से गुंजायमान हुआ कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम

**मंदसौर।** भारतीय संगीत जगत के महान पार्श्व गायक स्वर्गीय किशोर कुमार के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर शहर के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में सागर म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में एक भव्य एवं सुरीली संगीत संध्या गाता रहे मेरा दिल का सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान शहर व आसपास के प्रतिभावान एवं गुणी कलाकारों ने किशोर दा के सदाबहार गीतों की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां देकर संगीत प्रेमियों को झूमने पर मजबूर कर दिया।



इस गरिमामयी कार्यक्रम में बतौर अतिथि भाजपा नेता अनिल कियावत, पूर्व प्राचार्य सुरेंद्र रामावत सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत आयोजकों द्वारा आत्मीयता से किया गया। अतिथियों ने कहा कि नवोदित कलाकारों को स्थानीय स्तर पर मंच प्रदान कर सागर म्यूजिकल ग्रुप के अध्यक्ष भरत लखवानी व उनकी टीम ने सराहनीय कार्य किया है।

संगीतमय संध्या की शुरुआत से ही माहौल किशोर कुमार के यादगार तरानों से सराबोर हो गया। गायक तेजकरण चौहान ने सजी नहीं बारात तो क्या, भरत लखवानी ने जिंदगी एक सफर है सुहाना, पारुल मंडलोई ने ओ मेरे दिल के चैन, अनु कारपेंटर ने सागर किनारे, रवि श्रोत्रिय ने कुछ तो लोग कहेंगे ओर माधुरी वासनिक ने तेरे बिना जिया जाये ना जैसे कालजयी गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावी संचालन एंकर त्रिलोक रूपलानी एवं प्रियंका जायसवाल ने अपने चिर-परिचित अंदाज में किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनू धिरवानी एवं नरेंद्र शर्मा का विशेष सहयोग रहा। वहीं साउंड व्यवस्था दीपक शर्मा (प्रेम साउंड) द्वारा संभाली गई, जिसकी बदौलत पूरी शाम सुरमई ध्वनियों से गुंजायमान रही। सागर म्यूजिकल ग्रुप के अध्यक्ष भरत लखवानी ने सभी का आभार माना।